**दिनांक–14.07.2024** **संध्या 1900 बजे**

## मुख्य समाचार

1. **ओड़िशा के पुरी में 39 वर्ष बाद आज फिर से खोले गए भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के सभी दरवाजे।**
2. **केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान।**
3. **मुख्य न्यायाधीश वीआर सारंगी ने कहा– सबके सहयोग से आम लोगों को सुलभ न्याय दिलाए जाने की है जरूरत।**
4. **मौसम विभाग ने राजधानी रांची, गुमला और खूंटी समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले दो दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने का जताया अनुमान।**
5. **टी–20 क्रिकेट सीरीज के पांचवें और अंतिम मुकाबले में भारत ने जीत के लिए जिम्बाब्वे को दिया 168 रनों का लक्ष्य।**

***************

ओडिशा के पुरी में भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर के खजाने–रत्न भंडार के सभी दरवाजे आज दोपहर खोल दिए गए। एक विशेष दल ने रत्न भंडार खोला, जिसे आखिरी बार 1985 में खोला गया था, जबकि इसके आभूषणों और अन्य कीमती वस्तु ओं की सूची आखिरी बार 1978 में बनाई गई थी। रत्न भंडार, राज्य सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं के बाद खोला गया था। रत्न भंडार खोलने की समूची कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है।

***************

केंद्रीय कृषि मंत्री और प्रदेश भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कार्यकर्त्ता भारतीय जनता पार्टी के प्राण हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं के बीच आकर बेहद खुशी महसूस होती है। श्री चौहान आज अपने रांची दौरे के क्रम में पार्टी के धुर्वा मंडल अध्यक्ष के आवास पर भोजन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि झारखण्ड में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पार्टी जुट गई है। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

इधर, श्री चौहान ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धुर्वा में आयोजित समारोह को भी सम्बोधित किया। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन और महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

***************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य में अगली सरकार बनाने के लिए तैयारी शुरू कर देने की अपील की है। आज गिरिडीह जिले के सरिया में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने राज्य सरकार पर विकास विरोधी होने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

कार्यक्रम को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय और राजयसभा सांसद आदित्य साहू ने भी सम्बोधित किया।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर स्थित विंध्याचल धाम में पूजा अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे झारखण्ड में सरकार के साथ आगे बढ़ने के लिए मां से आशीर्वाद मांगने आए हैं। श्री सोरेन ने कहा कि छह महीने जेल में रहने के बाद न्याय प्रक्रिया के तहत वे अब बाहर आ गए हैं। ऐसे में मां के आशीर्वाद से ही ताकत मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का जो भी संकल्प है, उसे जारी रखा जाएगा।

***************

मंत्री दीपिका पाण्डे सिंह ने कहा है कि राज्य में कृषि, पशुपालन और मतस्य के विकास में आने वाली हर बाधाओं को दूर किया जाएगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि कृषि और पशुपालन ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव है और राज्य में इसके विकास की अपार संभावनाएं हैं। मंत्री बनने के बाद आज पहली बार गोड्डा पहुंची दीपिका पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

***************

पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह कल सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान मोहर्रम में विधि–व्यवस्था को बेहतर बनाने पर चर्चा की जायेगी।

***************

झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन सारंगी ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में अनुमंडलीय न्यायालय भवन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवनिर्मित भवन में कल से ही कोर्ट के संचालन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सबके सहयोग से लोगों को सुलभ न्याय दिलाये जाने की जरुरत है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपायुक्त को अगले छह महीनों में आधारभूत संरचना को पूरा करने के निर्देश दिए।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में मुहर्रम के दौरान मजबूत विधि–व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है।

***************

गिरिडीह जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र में आज एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिस कारण कुछ घंटों के लिए यातायात बाधित हो गया। इधर, रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित बुकरु में आज सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया। ग्रामीणों ने यहां भी शव के साथ सड़क जाम कर दिया था।

***************

लोहरदगा जिला मुख्यालय के न्याय भवन में पहली जुलाई से लागू नए कानून में साइबर क्राइम के प्रावधानों के बारे में आज आम लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि जामताड़ा और चीन से ठगी का काम आनलॉइन किया जाता है। ये ठग लोगों को तरह–तरह के लोभ देकर ठगी कर लेते हैं। इसमें पार्ट टाइम नौकरी, निवेश, पैसे दुगुने करने का लालच और लड़कियों के साथ मिलने के तरीके शामिल हैं।

***************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले दो दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान जताया है। रांची स्थित मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन का क्षेत्र बना हुआ है, जो दक्षिण पूर्व की ओर बढ़ते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर जा रहा है। श्री आनंद ने कहा कि अगले पांच दिनों तक

राज्य में अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इधर, आज रांची, चतरा, लोहरदगा और पाकुड़ समेत अन्य जिलों में हुई बारिश के बाद तापमान में कमी आई है।

**<u>***************</u>**

भारत और जिम्बाब्वे के बीच टी–20 सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला आज हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को जीत के लिए एक सौ अरसठ (168) रनों का लक्ष्य दिया है। टीम इंडिया 5 मैचों की इस सीरीज में 3–1 की अजेय बढ़त ले चुकी है।

**<u>********समाप्त********</u>**